# **बिहार विद्यालय परीक्षा समिति**

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 ............/2026

**बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2026 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 09.07.2026 से 11.07.2026 तक की अवधि में ऑनलाइन त्रुटि संशोधन कराने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्रों (Study Centres) के Co-ordinator, संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2026 का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कराया जा रहा है।**

**2.** तद्नुसार बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2026 में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन डाटा के आधार पर विद्यार्थियों का Dummy Admit Card बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वेबसाइट **https://interbiharboard.com** पर अपलोड किया गया है, जो **दिनांक 11.07.2026 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।**

**3.** इस निमित्त अध्ययन केन्द्रों (Study Centres) के Co-ordinator को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराये गए यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने केन्द्र के सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हस्तगत् करा देंगे तथा निदेशित करेंगे कि वे Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी की जाँच एवं मिलान कर लें तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि पायी जाती है, तो निर्धारित तिथि तक संबंधित विद्यार्थी त्रुटि का सुधार कर उन्हें अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

**4.** समिति के उक्त वेबसाइट पर जारी Dummy Admit Card अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator के द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ **अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator द्वारा Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

**बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2026 के लिए Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया**

(क) संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **https://interbiharboard.com पर उपलब्ध लिंक "Click here for 12th BBOSE Senior Secondary Examination June 2026" पर** Click **कर** Login **करेंगे।** लॉग–इन के उपरान्त अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के सभी विद्यार्थियों का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

(ख) विद्यार्थी अपना Dummy Admit Card निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है :–

(i) समिति के वेबसाइट **https://interbiharboard.com पर उपलब्ध लिंक "Click here for 12th BBOSE Senior Secondary Examination June, 2026" पर** Click **करें।**

(ii) **विद्यार्थी** Student Login **पर जाकर अपना** Registration No **एवं** Date of Birth **डालकर** Dummy Admit Card **डाउनलोड कर सकते है।**

**5.** बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी को सूचित किया जाता है कि अपने अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी विद्यार्थी एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे विद्यार्थी अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा**

जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित **Dummy Admit Card** के आधार पर संबंधित अध्ययन केन्द्र के **Co-ordinator ऐसे विद्यार्थियों की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार दिनांक 09.07.2026 से 11.07.2026 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित विद्यार्थी के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।**

**6.** सुधार के लिए अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी विद्यार्थी द्वारा निर्धारित अवधि तक अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से समन्वय कर Dummy Admit Card प्राप्त नहीं किया जाता है तथा अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator द्वारा भी ऑनलाइन त्रुटि सुधार हेतु वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपेक्षित सुधार की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator तथा संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

**7.** Dummy Admit Card ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर अथवा किसी भी संगत सूचना के लिए समिति के हेल्पलाइन नं0–0612–2230039, E-mail Id: bsebinterhelpdesk@gmail.com तथा परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के मोबाइल नंबर–9006254153, उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के मोबाइल नं०–7906080669, उप परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के मोबाइल नंबर–8544050023, उप निदेशक, आई०टी० (उ0मा0) के मोबाइल नंबर–8095419370, सिस्टम एनालिस्ट, आई०टी० (उ0मा0) के मोबाइल नंबर–9900623645 तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, उ0मा0) के मोबाइल नंबर–9905353078 पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

08.7.26

परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति